Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 30

No. of Printed Pages – 15

## SS–30–Accountancy

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2016

# SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2016

## लेखाशास्त्र

## ACCOUNTANCY

**समय** : 3¼ **घण्टे**

**पूर्णांक** : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।
Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsory.

2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
All the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।
Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रुपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।
If there is any error/difference/contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

Tear Here

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

यहाँ से काटिए

6) i) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभक्त है – अ और ब।
ii) खण्ड 'अ' सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है।
iii) खण्ड 'ब' के दो भाग हैं, प्रत्येक भाग में सात प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को किसी एक भाग के सभी सात प्रश्नों को हल करना है।
i) This question paper contains two Sections - A and B.
ii) Section 'A' is compulsory for all candidates.
iii) Section 'B' has two portions. Every portion has a set of seven questions. Candidate can attempt only a set of seven questions of any one portion.

7)

| खण्ड | प्रश्न संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न |
|---|---|---|
| अ | 1-8 | 1 |
| | 9-14 | 2 |
| | 15-21 | 4 |
| | 22-23 | 6 |
| ब | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |
| | अथवा | |
| | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |

| **Section** | **Q. Nos.** | **Marks per question** |
|---|---|---|
| A | 1-8 | 1 |
| | 9-14 | 2 |
| | 15-21 | 4 |
| | 22-23 | 6 |
| B | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |
| | OR | |
| | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |

8) प्रश्न संख्या 22 (खण्ड–अ) तथा 30 (खण्ड–ब) में आन्तरिक विकल्प हैं।
There are internal choices in Q. No. **22** (Section-A) and Q. No. **30** (Section-B).

## खण्ड – अ

## SECTION - A

1) एक्स, वाई, जैड 3 : 3 : 4 के साझेदार हैं, एन को $\frac{1}{3}$ भाग के लिए साझेदार बनाते हैं। नये लाभ हानि अनुपात की गणना कीजिए।

X, Y, Z are partners sharing profit 3 : 3 : 4 Ratio. They admitted N for $\frac{1}{3}$ share. Calculate new profit & loss sharing ratio? **[1]**

2) ए और बी एक फर्म में 4 : 7 के साझेदार हैं। वे फर्म में सी को इस आधार पर साझेदार बनाते हैं कि नया लाभ हानि अनुपात बराबर रहेगा, त्याग अनुपात की गणना कीजिए।

A and B are partners in a firm sharing profits in 4 : 7 Ratio. They admitted C into the firm on the basis that new profit & loss sharing ratio will be equal, calculate the sacrificing ratio? **[1]**

3) निरंजन एण्ड संस का वर्ष 2015 का शुद्ध लाभ 80,000₹ तथा इस फर्म की विनियोजित पूंजी 4,00,000 रुपये है। इसी प्रकार की अन्य फर्मो मे सामान्य प्रत्याप की दर 15% है। फर्म की ख्याति की गणना कीजिए यदि ख्याति अधि लाभों के पांच गुने के बराबर हो।

The Net Profit for 2015 of M/s Niranjan & Sons was Rs. 80,000 and its capital employed was 4,00,000 Rs. The Normal Rate of Return for such Type of Business is 15%. Compute the amount of Goodwill if goodwill is five times of the super profit. **[1]**

4) हरि, रवि और कवि साझेदार है। वे लाभ हानि 1 : 2 : 3 में बांटते हैं। फर्म की बहियों में ख्याति 60,000 रु. दर्शाई हुई है। रवि फर्म से अवकाश ग्रहण करता है तो अवकाश ग्रहण करने पर ख्याति के लिए समायोजन प्रविष्टि किस प्रकार की जायेगी?

Hari, Ravi and Kavi are partners sharing profits and losses in the Ratio 1 : 2 : 3. The Goodwill Appears at Rs. 60,000 in the books of the firm. Ravi retires from the firm.

How Adjustment entry of goodwill will be made at the time of retirement. **[1]**

**5)** **साझेदार की निवृत्ति या मृत्यु पर कौन–कौन सी समस्याऐं उत्पन्न होती हैं? (कोई दो बिन्दु लिखें)**

What problems do arise on retirement or death of a partner? (Write Two points only). **[1]**

**6)** **सरकारी कम्पनी की परिभाषा दीजिऐ।**

Define Government Company. **[1]**

**7)** **प्रारम्भिक सार्वजनिक निर्गमन को स्पष्ट कीजिए।**

Explain the term "initial public offer". **[1]**

**8)** **अंश एवम् ऋणपत्र में दो अन्तर दीजिए।**

Write two Distinction between share and debenture. **[1]**

**9)** **हरी एवम् रवी एक फर्म में साझेदार हैं, वे फर्म से प्रत्येक माह की अंतिम तारीख को क्रमश: 6,000 रू. एवम् 8,000 रू. आहरण करने का समझौता करते हैं, ब्याज 14% वार्षिक की दर से वसूल किया जाता है, लेखा पुस्तकें 31 दिसम्बर को बन्द की जाती हैं। हरी एवम् रवी के आहरण पर ब्याज की गणना कीजिए।**

Hari and Ravi are partners in a firm. They withdraw Rs. 6,000 and 8,000 respectively from the firm at the end of each month. The interest charged @14% p.a. on their drawings, the books of the firm are closed on 31st Dec. Calculate the interest on drawing of Hari and Ravi? **[2]**

10) वसूली खाता क्या है?

What is Realisation Account? **[2]**

11) जब साझेदार के अवकाश ग्रहण करने पर अन्तिम भुगतान का निस्तारण न हो तो भारतीय साझेदारी अधि 1932 की धारा 37 के अनुसार उनका अधिकार बताइये?

When final payment of retiring partner is not settled at the time of retirement. Write right of partner under section 37 of Indian partnership Act 1932. **[2]**

12) निम्नांकित व्यवहारों के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टि दीजिए –

एक्स तथा वाई 3 : 2 के अनुपात में लाभ हानि विभाजन करते हुए साझेदार हैं वे एम को साझेदारी में सम्मिलित करते है जो लाभों के $\frac{1}{5}$ हिस्से के लिए 2,50,000 रूपये पूंजी के रूप में तथा 1,50,000 रूपये प्रीमियम के रूप में लाता है। पुस्तकों में कोई ख्याति खाता विद्यमान नहीं है।

Journalise the following transactions:

x and y are partners sharing profit and losses in the Ratio of 3 : 2. They Admitted M into partnership, who brings Rs. 2,50,000 as his capital and Rs. 1,50,000 as Premium for $\frac{1}{5}$th share of profit. No Goodwill Account exists in the books. **[2]**

13) बकाया मांग एवं अग्रिम मांग को स्पष्ट कीजिए।

Describe the calls-in-Arrears and calls-in-Advance. **[2]**

14) ऋणपत्रों पर ब्याज के नियम बताइये?

Explain the rules regarding interest on debentures. **[2]**

15) एक्स एवं वाई 3 : 2 में लाभ हानि बांटते हुए साझेदारी में प्रवेश करते हैं एक्स जो कार्य नहीं करेगा एक जनवरी 2015 को 5,00,000 रूपये पूंजी लगाता है। वाई क्रियाशील साझेदार बनकर साझेदारी में कार्य करना स्वीकार करता है। साझेदारी संलेख में व्यवस्था है कि पूंजी पर 8% की दर से ब्याज एवम् प्रत्येक कार्यशील साझेदार को 2,000 रू. की दर से प्रतिमाह वेतन देय है। पूंजी पर ब्याज तथा साझेदारों के वेतन से पूर्व फर्म का वर्ष 2015 का लाभ 1,20,000 रूपये था। लाभ का बटवारा कीजिये?

x and y are entered into partnership sharing the profit and losses in the ratio of 3 : 2 x being a non-working partner contributed Rs. 5,00,000 as His Capital on 1st January 2015. y being a working partner agreed to work for the firm. The partnership deed provides for interest on capital @8% and salary to every working partner @Rs. 2,000p.m. Net Profit before providing for interest on capital and partner's salary for the year 2015 was 1,20,000 Rs. Show the distribution of profit. **[4]**

16) ऐ और बी 1 अप्रैल 2015 को 5,00,000 रूपये एवम् 3,00,000 रूपये की पूंजी से व्यापार आरम्भ करते हैं। ऐ के आहरण पर 10% प्रतिवर्ष की दर से 31 दिसम्बर 2015 को समाप्त वर्ष के लिए ब्याज की गणना कीजिए –

i) यदि ए प्रत्येक माह के मध्य में 2,000 रू. आहरण करता है।

ii) यदि ए प्रत्येक माह के प्रारम्भ में 2,000 रूपये आहरण करता है।

Mr. A and B started Business on $1^{st}$ April 2015 with capital of Rs. 5,00,000 and Rs. 3,00,000 Respectively.

Calculate the interest on drawing of A@10% p.a. for the year ending $31^{st}$ Dec. 2015 in each of the following alternative cases: **[4]**

i) If A draws Rs. 2,000 permonth at the Middle of the each month.

ii) If he withdraw Rs. 2,000 p.m. in the beginning of every month.

17) अवकाश ग्रहण अथवा मृत्यु पर साझेदार का फर्म में भाग किस प्रकार निर्धारित किया जाता है? विवेचना कीजिऐ।

How is a partner's share determined on the Retirement or death? Explain. **[4]**

18) अ, ब और स एक फर्म में बराबर के साझेदार हैं। फर्म के समाप्त के दिन चिठ्ठा निम्न था–

चिठ्ठा

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 11,000 | बैंक | 3,000 |
| देयबिल | 1,000 | प्राप्य बिल | 2,000 |
| ब का ऋण | 2,000 | विनियोग | 8,000 |
| पूंजी : | | देनदार | 16,000 |
| अ | 36,000 | स्टॉक | 28,000 |
| ब | 24,000 | फर्नीचर | 6,000 |
| स | 2,000 | मशीनरी | 13,000 |
| | 76,000 | | 76,000 |

सम्पत्तियों की वसूली: देनदार एवं प्राप्य बिल 17,000 रू. विनियोग 7,600 रू. रहतिया 25,000 रू. फर्नीचर 6,600 रू. एवं मशीनरी 8,600, रू.। दायित्वों का भुगतान कर दिया गया। वसूली व्यय 500 रू. हुए।

वसूली खाता बनाइऐं।

A, B and C are equal partners. The Balance Sheet on the date of dissolution was as follows: **[4]**

Balance Sheet

| | Rs. | | Rs. |
|---|---|---|---|
| Creditors | 11,000 | Bank | 3,000 |
| Bills Payable | 1,000 | Bills Receivables | 2,000 |
| B's Loan | 2,000 | Investments | 8,000 |
| Capital | | Debtors | 16,000 |
| A | 36,000 | Stock | 28,000 |
| B | 24,000 | Furniture | 6,000 |
| C | 2,000 | Machinery | 13,000 |
| | 76,000 | | 76,000 |

Assets Realised: Debtors and B/R Rs. 17,000 investment Rs. 7,600, stock Rs. 25,000, Furniture Rs. 6,600 and Machinery Rs. 8,600, Liabilities were Paid, Realisation Expenses were Rs. 500.

Prepare Realisation Account.

**19)** **एक कम्पनी के संचालकों ने 20 रू. वाले 2000 ईक्विटी अंशो का हरण किया जिन पर 15 रूपये मांगा जा चुका था तथा 10 रूपये अंशधारियों द्वारा भुगतान किया गया था, उन्होंने इन अंशो को 15 रूपये प्रदत्त मानते हुए निम्नलिखित प्रकार से पुनःनिर्गमित कर दिया।**

i) **उपरोक्त में से 500 अंश सममूहम पर पुनःनिर्गमित कर दिये गये।**

ii) **उपरोक्त में से 300 ईक्विटी अंश 1 रू. प्रतिअंश प्रीमियम पर पुनः निर्गमित किये गये।**

iii) **उपरोक्त में से बाकी ईक्विटी अंश 8 रू. प्रतिअंश पर पुनःनिर्गमित किये गये।**

**पुनःनिर्गमन पर राशि नकद में प्राप्त हो गई। कम्पनी ने 5 रू. प्रति अंश की अंतिम मांग की तथा यह कम्पनी को प्राप्त हो गई।**

**कम्पनी की जर्नल में व्यवहारों को दिखाइये।**

The directors of a company forfeited 2000 equity shares of Rs. 20 each, Rs. 15 called up on which Rs. 10 has been paid by the shareholders. They Reissued these shares at Rs. 15 paid up as follows: **[4]**

i) 500 equity shares of the Above were Re-issued at par.

ii) 300 equity shares of the Above were Re-issued at A premium of Rs. 1 per share.

iii) The Rest of the Above were Re-issued at Rs. 8 per share.

The Amounts on Re-issue were Received in cash. The company made a Final call of Rs. 5 per share and this is Received by the company.

Show the Transactions in the Journal of the company.

**20)** **कम्पनी प्रतिभूति प्रब्याजि किस उपयोग में लेती है स्पष्ट करें।**

Describe the purpose for which a company can use Securities Premium. **[4]**

**21)** **अजय लि. ने जनता को 100 रू. वाले 2,000, 14% ऋणपत्रों का 10% बट्टे पर निर्गमन किया। कम्पनी ने बैंक ऑफ इण्डिया से 4,00,000 रू. का ऋण लिया और 5,000, 14% ऋणपत्र बैंक के पास समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में जमा करवाये। आप कम्पनी की पुस्तकों में ऋणपत्रों के निर्गमन के व्यवहारों का लेखा जर्नल दीजिये? यदि समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में जारी ऋणपत्रों की प्रविष्ठि की जाती है।**

Ajay Ltd. issued 2,000. 14% Debentures of Rs. 100 each to the Public at a discount of 10%. The company also took a loan of Rs. 4,00,000 from the Bank of India and deposited 5,000. 14% Debentures with the Bank as a collateral security. How will you deal with the issue of Debentures in the Books of the company journal. If entry is being passed for issue of debentures as collateral security. **[4]**

22) 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए अ, ब, स का चिठ्ठा निम्नलिखित था, वे बराबर के साझेदार थे –

| दायित्व | Amount (Rs.) | सम्पत्ति | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|
| देयबिल | 3,300 | रोकड़ | 600 |
| लेनदार | 6,000 | देनदार | 10,800 |
| पूंजी : | | स्टॉक | 11,400 |
| अ | 16,800 | फर्नीचर | 2,400 |
| ब | 12,600 | भवन | 19,500 |
| स | 6,000 | | |
| | 44,700 | | 44,700 |

वे डी को $\frac{1}{4}$ भाग के लिए निम्नलिखित शर्तों पर साझेदारी में शामिल करने को सहमत होते हैं :

i) डी 9,000 रू. ख्याति के रूप में एवम् 15,000 रूपये पूंजी के लायेगा।
ii) पुराने साझेदारों द्वारा आधी ख्याति फर्म से निकाल ली जायेगी।
iii) स्टॉक एवं फर्नीचर पर 10% मूल्यह्रास किया जायेगा।
iv) संदिग्ध ऋण के लिए देनदारों पर 5% का आयोजन किया जायेगा।
v) भुनाये गये बिल के अनाद्रित होने से 1,080 रूपये का दायित्व उत्पन्न हुआ।
vi) भवन का मूल्यांकन 8,500 रू. से बढाया गया है।

समायोजनों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रविष्टि कीजिऐ एवं नयी फर्म का प्रारम्भिक चिठ्ठा बनाइऐ।

अथवा

एम; एन; ओ क्रमश : 3 : 1 : 1 के अनुपात में साझेदारी में लाभ विभाजन करते हैं, वे 31 मार्च 2015 को साझेदारी के विघटन का निर्णय करते हैं 31 मार्च को उनका चिठ्ठा निम्नलिखित स्थिति बताता था –

चिठ्ठा (as on 31st March 2015)

| दायित्व | Amount Rs. | सम्पत्ति | Amount Rs. |
|---|---|---|---|
| लेनदार 10,000 | | भवन | 41,000 |
| – वटट् के लिए | | | |
| आयोजन 400 | 9,600 | प्लाण्ट & मशीनरी | 20,000 |
| | | फर्नीचर | 6,000 |
| विनियोग फण्ड | 400 | देनदार 12000 | |
| पूंजी : एम – 40,000 | | – डूबत ऋण आयोजन 2000 | |
| एन – 20,000 | | 10000 | |
| ओ – 20,000 | 80,000 | – देनदारों पर | |
| | | वट्टे के लिए आयोजन 1000 | 9,000 |
| | | विनियोग | 4,000 |
| | | रोकड बैंक में | 10,000 |
| | 90,000 | | 90,000 |

विघटन की निम्नलिखित शर्तें तय की गई –

i) भवन 40,000 रू. एवम् मशीनरी 15,000 रू. में बेची गई।

ii) एम ने फर्नीचर 5,000 रू. में तथा विनियोग 3,000 रू. में लिए।

iii) स्टॉक एन द्वारा 8,000 रू. में लिया गया।

iv) ओ ने देनदार 8,000 रू. में लिये।

v) लेनदारों को पूर्ण भुगतान में 8,000 रू. चुकाए गये।

vi) वसूली खर्च 800 रू. चुकाए गये जिनमें से 300 रूपये एम ने निजी साधनों से चुकाए।

आवश्यक खाते तैयार करते हुए फर्म की पुस्तकें बंद कीजिए।

The following was the Balance Sheet of A, B and C who were equal partners on 31st March 2015. **[6]**

| Liabilities | Amount (Rs.) | Assets | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|
| Bills Payable | 3,300 | Cash | 600 |
| Creditors | 6,000 | Debtors | 10,800 |
| Capital A/c: | | Stock | 11,400 |
| A | 16,800 | Furniture | 2,400 |
| B | 12,600 | Building | 19,500 |
| C | 6,000 | | |
| | 44,700 | | 44,700 |

They agreed to take D into partnership and give him one-fourth share in the profits on the following terms:

i) That D should bring in Rs. 9,000 for Goodwill and Rs. 15,000 as capital.

ii) That one half of the goodwill shall be withdrawn by the old partners.

iii) That stock and Furniture be depreciated by 10%.

iv) That the Provision of 5% on Debtors be created for doubtful debts.

v) That a liability for Rs. 1,080 be created Against bills discounted which was dishonoured.

vi) That the value of Building is over valued by Rs. 8,500.

Give the necessary entries to give effect to the above arrangement and prepare the opening Balance Sheet of the Firm as Newly constituted.

OR

M, N and O were in partnership sharing Profits in the proportion of 3 : 1 : 1 respectively. They agreed to dissolve their partnership on 31st March 2015, when their Balance Sheet shows the following position:

Balance Sheet (as on 31st March 2015)

| Liabilities | Amount Rs. | Assets | Amount Rs. |
|---|---|---|---|
| Creditors 10,000 | | Building | 41,000 |
| – Reserve for | | Plant & Machinery | 20,000 |
| discount 400 | 9,600 | Furniture | 6,000 |
| Investment Fund | 400 | Debtors 12,000 | |
| Capital : M 40,000 | | -Prov. for | |
| N 20,000 | | B.Debts 2,000 | |
| O 20,000 | | 10,000 | |
| | 80,000 | -Prov. For | |
| | | Discount 1000 | 9,000 |
| | | Investment | 4,000 |
| | | Cash at Bank | 10,000 |
| | 90,000 | | 90,000 |

The following conditions of dissolution were Agreed upon:-

i) Building were sold for Rs. 40,000 and Machinery For Rs. 15,000.

ii) M took over furniture at Rs. 5,000 and investment at Rs. 3,000.

iii) Stock was taken over by N at Rs. 8,000.

iv) O took over debtors at Rs. 8,000.

v) Rs. 8,000 were paid over to creditors in full settlement.

vi) Rs.800 were paid as cost of Realisation, out of which Rs. 300 were paid by M from his private sources.

Close the Books of the Firm by preparing necessary ledger accounts.

**23)** **शिवा लिमिटेड ने 100 रूपये वाले 10,000, 9% अधिमान अंश 10% प्रीमियम पर निर्गमित किये जो इस प्रकार देय थे आवेदन पर 25 रूपये, आवंटन पर 30 रू. (प्रीमियम सहित), प्रथम मांग 25 रू., द्वितीय अंतिम मांग 30 रूपये। 12,500 अधिमान अंशों को क्रम करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए। सभी आवेदकों को यथानुपात आवंटन किया गया। आवेदन पत्रों के साथ प्राप्त अतिरिक्त धनराशि का आवंटन पर देय राशि के भुगतान में प्रयोग किया गया। रहीम जिसको 100 अंशों का आवंटन किया गया था, मांगों का भुगतान करने में असमर्थ रहा। उपर्युक्त व्यवहारों को कम्पनी की पुस्तकों में प्रविष्टि कीजिए। (हरण को छोडकर)**

Shiva Ltd issued 10,000, 9% Preference share of Rs. 100 each at a premium of 10% Payable as : Rs. 25 on Application; Rs. 30 on Allotment (including premium)

Rs. 25 on First call, Rs. 30 on Second & Final call. Application were Received for 12,500 preference share, allotment was made Pro-Ratio to all the Application and excess Application money being applied towords. The amount due on allotment. Rahim to whom 100 share were allotted, failed to pay the amount of calls. Journalise the above transactions in the books of the company, (excluding forfeiture). **[6]**

## खण्ड – ब

## SECTION - B

**खण्ड 'ब' के दो भाग हैं, प्रत्येक भाग में सात प्रश्न हैं। परीक्षार्थियों को किसी एक भाग के सात प्रश्नों को हल करना है।**

Section B has two portions. Every portion has a set of seven questions candidate can attempt only one set of seven questions of any one portion.

**24)** **रोकड़ प्रवाह विवरण कौन से लेखांकन प्रमाप के अनुसार तैयार किया जाता है।**
Under which Accounting standard, cash flow statement is prepared? **[1]**

**25)** **विनियोग क्रियाओं की दशा में रोकड़ का अंतर्वाह कब उत्पन्न होता है। कोई दो मद लिखिए।**
Write any two items, when does the situation of inflow of cash arise in the case of investing activities. **[1]**

**26)** **रोकड़ प्रवाह विवरण की कोई दो विशेषतायें लिखिए।**
Write any two characteristics of cash flow statement. **[2]**

**27)** **चिठ्ठे के दायित्व पक्ष में चालू दायित्व शीर्षक में दिखाई जाने वाली कोई चार मदों के नाम लिखिए।**
In the balance sheet of liabilities side write any four items which are shown in current liabilities heading. **[2]**

**28)** **निम्न सूचनाओं से**

i) **चालू अनुपात**
ii) **तरल अनुपात**
iii) **सकल लाभ अनुपात**
iv) **परिचालन अनुपात ज्ञात कीजिए।**

**विक्रय** 80,000 ₹, **बेचे गये माल की लागत** 48,000 ₹, **अंतिम स्टॉक** 16,000 ₹, **परिचालन व्यय** 12,000 ₹, **देनदार** 14,000 ₹, **लेनदार** 16,000 ₹, **पूर्वदत्त व्यय** 2,000 ₹, **अल्पकालीन विनियोग** 18,000 ₹.

Calculate: **[4]**

i) Current Ratio

ii) Liquid Ratio

iii) Gross Profit Ratio

iv) Operating Ratio from the following information.

Sales 80,000 ₹, cost of goods sold 48,000 ₹, Closing stock 16,000 ₹, operating Expenses 12,000 ₹, Debtors 14,000 ₹, Creditors 16,000 ₹, Prepaid Expenses 2,000 ₹, Short term investment 18,000₹.

**29) निम्नलिखित विवरणों से परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह ज्ञात कीजिए।**

| | 31-3-2015 | 31-3-2014 |
|---|---|---|
| | ₹ | ₹ |
| **लेनदार** | 85,000 | 70,000 |
| **देनदार** | 1,40,000 | 2,00,000 |
| **प्राप्य विपत्र** | 15,000 | 10,000 |
| **अल्पकालीन ऋण** | 20,000 | - |
| **डूबत ऋण आयोजन** | 7,000 | 10,000 |
| **बैंक अधिविकर्ष** | 50,000 | 40,000 |

**कम्पनी को वर्ष के दौरान** 37,000 **रू. की हॉनि हुई।**

Compute cash flow from operating activities from the following details. **[4]**

| | 31-3-2015 | 31-3-2014 |
|---|---|---|
| | ₹ | ₹ |
| Creditors | 85,000 | 70,000 |
| Debtors | 1,40,000 | 2,00,000 |
| Bills Receivable | 15,000 | 10,000 |
| Short term loan | 20,000 | - |
| Provision for Bad debts | 7,000 | 10,000 |
| Bank overdraft | 50,000 | 40,000 |

The company incurred a loss of ₹37,000 during the year.

**30)** निम्न सूचनाओं से समानाकार चिठ्ठा बनाइये।

| | 31-3-2014 ₹ | 31-3-2015 ₹ |
|---|---|---|
| स्थायी सम्पत्ति | 2,50,000 | 6,50,000 |
| विनियोग | 50,000 | 1,00,000 |
| चालू सम्पत्ति | 1,00,000 | 2,50,000 |
| समता अंश पूँजी | 2,00,000 | 7,00,000 |
| संचय एवं आधिक्य | 75,000 | 1,00,000 |
| चालू दायित्व | 1,25,000 | 2,00,000 |

अथवा

निम्न सूचनाओं से समानाकार आय विवरण बनाइए।

| | 31-3-2014 ₹ | 31-3-2015 ₹ |
|---|---|---|
| विक्रय | 4,00,000 | 6,00,000 |
| बेचे गये माल की लागत | विक्रय का 60% | विक्रय का 70% |
| अप्रत्यक्ष व्यय | सकल लाभ का 50% | सकल लाभ का 40% |
| आयकर | कर से पूर्व शुद्ध लाभ का 50% | कर से पूर्व शुद्ध लाभ का 50% |

Prepare common size Balance Sheet from the following information: **[6]**

| | 31-3-2014 ₹ | 31-3-2015 ₹ |
|---|---|---|
| Fixed Assets | 2,50,000 | 6,50,000 |
| Investments | 50,000 | 1,00,000 |
| Current Assets | 1,00,000 | 2,50,000 |
| Equity Share Capital | 2,00,000 | 7,00,000 |
| Reserve of Surplus | 75,000 | 1,00,000 |
| Current Liabilities | 1,25,000 | 2,00,000 |

OR

Prepare common size Income Statement from the following information.

| | 31-3-2014 ₹ | 31-3-2015 ₹ |
|---|---|---|
| Sales | 4,00,000 | 6,00,000 |
| Cost of goods sold | 60% of sales | 70% of sales |
| Indirect Expenses | 50% of Gross Profit | 40% of Gross Profit |
| Income Tax | 50% of Net Profit before Tax | 50% of Net Profit before Tax |

अथवा

OR

## खण्ड – ब

## SECTION - B

24) DBMS को परिभाषित कीजिए।
Define DBMS. [1]

25) CAS क्या है?
What is CAS? [1]

26) फ्रन्टऐन्ड एवम् बेक ऐन्ड मे अन्तर कीजिए।
Differentiate between Front end and Back end. [2]

27) डेटाबेस का महत्व क्या है?
What is the significance of database? [2]

28) लेखांकन में इलेक्ट्रानिक स्प्रेडशीट की उपयोगिता को समझाइए।
Explain the applications of Electronic spread sheet in accounting. [4]

29) कम्प्यूटराइज्ड लेखांकन पद्धति की विशेषताऐं एवम् उपयोगिता लिखिए।
Explain the advantages and purpose of computerized Accounting system. [4]

30) SQL में प्रयोग किये जाने वाले निम्नलिखित कमाण्ड्स का उद्देश्य एवम् सिन्टेक्स लिखिए।
Write the purpose and syntax of the following commands used in SQL: [6]
a) SELECT
b) Insert Into
c) Drop Table

☛ ☛ ☛

DO NOT WRITE ANYTHING HERE